ज्वाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

क्रमांक–131

प्रेषक :डॉ. बी.एस. द्विवेदी
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

दिनांक–05.11.2024

जनेकृविवि के कुलसचिव का प्रभार डॉ. ए.के. जैन को सौंपा गया

जबलपुर 05 नवम्बर, 2024। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा पर डॉ. अश्वनी कुमार जैन, प्राध्यापक पौध रोग विज्ञान विभाग, कृषि महाविद्यालय,जबलपुर को जनेकृविवि के कुलसचिव का प्रभार सौंपा गया है। डॉ. जैन शैक्षणिक एवं अनुसंधान कार्य के अलावा विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव (शैक्षणिक) के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। लघुधान्य फसलों कोदो–कुटकी की 14, जौ की एक एवं आम की एक किस्म के विकास एवं राज्य तथा केन्द्र स्तर पर विमोचित करने में आपका उत्कृष्ट योगदान रहा। डॉ. जैन कृषि महाविद्यालय, रीवा में 17 वर्षों तक आहरण एवं संवितरण अधिकारी एवं परीक्षा प्रभारी के रूप में 5 वर्षों तक रहे, साथ ही अखिल भारतीय लघुधान्य विकास परियोजना प्रभारी के रूप में 10 वर्षों तक कार्य किया। आप 18 पीजी एवं पीएचडी छात्रों के प्रमुख सलाहकार रहे। इसके अलावा आपने 100 से ज्यादा रिसर्च पेपर एवं 100 से ज्यादा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार, कॉन्फ्रेस में भाग लेकर रिसर्च पेपर प्रस्तुत किये हैं।

डॉ. अश्वनी कुमार जैन को कुलसचिव बनाये जाने पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस.के. पांडे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतु, संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. अनीता बब्बर, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. बी.एस.द्विवेदी सहित प्राध्यापक,वैज्ञानिक एवं कर्मचारियों ने शुभकानाएं एवं बधाई प्रेषित की है।